भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 11.10.2024

## आरेडिका ने डकौली गाँव में किया ग्राम चौपाल का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के कर्मिक विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत (स्वच्छता ही सेवा मिशन 4.0) आरेडिका के आस–पास के गाँवों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है।

आज दिनांक 10.10.2024 को डकौली गाँव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों, एवं किसानों ने भाग लिया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए गाँव वासियों का स्वस्थ्य परीक्षण भी आरेडिका के चिकित्सालय द्वारा किया गया।

(आर.एन.तिवारी) 11.10.2024
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी